O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-2) (2025 – 2026)

Class / Section: XI **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1:00 Hr**

Name: .---------- Roll No.:_____

सामान्य निर्देश: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है द्य

प्र01. निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। (1 x 4 = 4)

मानो, जनता है फूल जिसे अहसास नहीं,
जब चाहो तभी उतार सजा लो दोनों में;
अथवा कोई दुधमुँही जिसे बहलाने के
जंतर-मंतर सीमित हों चार खिलौनों में।
लेकिन होता भूडोल, बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है;
दो राह समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।
हुँकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है,
जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है।
अब्दों, शताब्दियों, सहस्राब्द का अंधकार बीता;
गवाक्ष अंबर के दहके जाते हैं;
यह और नहीं कोई, जनता के स्वप्न अजय
चीरते तिमिर का वक्ष उमड़ते जाते हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

I. जनता के हुंकारों से महलों की नींव उखड़ने का क्या अभिप्राय है? (1)

(क) अत्याचार सहन करना (ख) शोषकों के घर तोड़ना

(ग) अशांति फैलाना (घ) सत्ता छिनना

II. कथन (A) शताब्दियों से फैला अंधकार दूर हो रहा है। (1)

कारण (R) जनता द्वारा अपना अधिकार प्रयोग किया जा रहा है।

(क) कथन (A)तथा कारण (R)दोनों सही हैं तथा कारण (R),कथन (A)की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R),कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

III 'जंतर-मंतर सीमित हो चार खिलौनों में'- पंक्ति में निहित मूलभाव क्या है? (1)

(क) वायदे मात्र करके जनता को बहलाना

(ख) बच्चों को खिलौने बाँटना

(ग) भारतीय जनता बच्चों के समान कमज़ोर है

(घ) खिलौने रूपी सुंदर बातों द्वारा शासक वर्ग को आकर्षित करना

IV. जनता की तुलना फूलों से क्यों की गई है? (1)

प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) जनसंचार क्या है ?

(ख) संचार के किन्हीं दो कार्यों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) समूह संचार का उपयोग कहाँ होता है ?

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) मीराबाई को संसार के व्यर्थ कार्यों में लगे लोगों को देखकर कैसा लगता है ?

(ख) मीराबाई ने प्रेम रूपी बेल को किससे सींचा ?

(ग) प्रेम प्राप्ति के लिए मीरा को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा ?

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?

(ख) मियाँ नसीरुद्दीन के व्यक्तित्व व चरित्र की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ग) लेखिका जब मियाँ नसीरुद्दीन के पास आई तो मियाँ ने उन्हें क्या समझ लिया था ?

प्र05 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के उत्तर लिखिए – (4)

(क) चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है ? 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर' पाठ के आधर पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर' पाठ का मूल उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

----000----